(b) whether Government have approved one unit by the name of TIE India Limited for 100 per cent export in Santacruz Electronics Export Processing Zone, Bombay?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF SCIENCE AND TECHNOLOGY AND IN THE DEPARTMENT OF OCEAN DEVELOPMENT, ATOMIC ENERGY, ELECTRONICS, AND SPACE (SHRI SHIVRAJ PATIL): (a) Final decision for centralised purchase of technology for EPABX|EPAX has been taken.

(b) Ye , Sir.

Instructions regarding use of Single Stroke Carbon Film Ribbon to prevent disclosure of official secret

1748. SHRI DHULESHWAR MEENA: Will the Minister of HOME AFFAIRS be pleased to state:

(a) whether Government are aware of the high risk of pilferage of secret and confidential information through single-stroke carbon film tapes used on electric and electronic typewriters at present being very commonly used in the offices of the Ministers;

(b) whether any departmental instructions have been issued to prevent the misuse of single-stroke carbon film ribbon used on the above typrewriters; and

(c) if not, what are the reasons therfor?

THE MINISTER OF STATE IN THE DEPARTMENT OF INTERNAL SECURITY (SHRI ARUN NEHRU). (a) Yes, Sir.

(b) and (c) Detailed instructions have been issued in this connection.

छावनी बोर्डों के चुनाव

1749. **श्री कैलाशपति मिश्र : क्या प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) जनवरी, 1980 से 31 जनवरी, 1986 की अवधि में कितने छावनी बोर्डों का चुनाव सम्पन्न हुआ और कितने छावनी बोर्डों का अभी चुनाव होना है; और

(ख) इन चुनावों पर रक्षा मंत्रालय का कितना रुपया खर्च हुआ ?

रक्षा अनुसंधान और विकास विभाग में राज्य मंत्री (श्री अरुण सिंह) : (क) 1980 में 22 छावनी बोर्डों के और 1981 में 8 छावनी बोर्डों के चुनाव हुए हैं। 49 छावनी बोर्डों के चुनाव दिसम्बर, 1985 और जनवरी, 1986 में हुए हैं। 13 छावनी बोर्डों में अभी चुनाव होने हैं।

(ख) चुनाव पर होने वाला खर्चा छावनी बोर्ड स्वयं वहन करता है। इस खर्च का रक्षा मंत्रालय को ब्यौरा नहीं रखना होता है।

दानापुर छावनी बोर्ड में पानी निकालने की मशीन का खराब होना

1750. **श्री कैलाश पति मिश्र : क्या प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) दानापुर छावनी बोर्ड के गोरा बाजार की पानी-टंकी तथा छावनी बोर्ड के कार्यालय परिसर में स्थित पानी की टंकी में लगी पानी टंकी की मशीन पिछले तीन वर्षों में कितनी बार खराब हुई;

(ख) क्या यह सच है कि एक संसद सदस्य, बिहार विधान सभा के एक सदस्य तथा दानापुर के नागरिकों ने भी आरोप लगाया है कि उक्त मशीनें खराब हैं; और

(ग) क्या सरकार इस मामले की जांच कराने का विचार रखती है ?

रक्षा अनुसंधान और विकास विभाग में राज्य मंत्री (श्री अरुण सिंह) :

(क) पिछले तीन वर्षों के दौरान गोरा बाजार और दानापुर छावनी के कार्यालय परिसर में स्थित पानी निकालने की मशीन क्रमशः 10 और 13 बार खराब हुई।

(ख) जी, हां।